हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 16 मई 2025

11 होनहार विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर...



12 तापमान में बढ़ोतरी से जन जीवन प्रभावित, दिनभर...



### दादा-दादी के दुलार एवं स्नेह के साथ नैतिक संस्कार से भी वंचित हो रहे बच्चे

# संयुक्त परिवारों पर भारी पड़ रहा व्यक्तिगत स्वार्थ

युवा पीढ़ी के लिए परिवार का मलतब केवल पति-पत्नी एवं एक या दो बच्चे तक सिमट गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

संयुक्त परिवारों की संख्या बड़ी तेजी से घट रही है तथा एकल परिवार बढ़ रहे हैं। लोगों का उद्देश्य अब केवल व्यक्तिगत हितों की पूर्ति तक सीमित है। युवा पीढ़ी के लिए परिवार का मलतब केवल पति-पत्नी एवं एक या दो बच्चे तक सिमट गया है। भौतिकतावाद से ग्रसित आधुनिक जीवनशैली की विडंबना है कि परिवारों का स्वरूप जितना छोटे होते जा रहा है, व्यक्ति के पास समस्याओं का अंबार उतना ही बड़ा हो रहा है।

#### रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें



करीब 90 वर्षीय रामो गोदारा ने कहा कि कुछ सालों पहले आर्थिक जरूरतें सीमित थी तथा परिवार के लिए पर्याप्त समय था। प्रतिस्पर्धा के इस युग में ऐसे हालात पैदा हो रहे है कि पारिवारिक सदस्यों की उपयोगिता और उनका महत्व भी अब गौण होने लगा है। संयुक्त परिवारों के विघटन का परिणाम भी त्रासदीदायक है। परिवार में रिश्तों की एक मजबूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। हमारा फर्ज है कि इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें।

#### पैसे के पीछे दौड़ रहे युवा



एचएल सिटी निवासी बिमला राठी बताती हैं कि संयुक्त परिवारों के विघटन के कारण नई पीढ़ी में संस्कारों की न्यूनता बढ़ रही है। लोगों की मानसिकता परिवार की बजाय पैसे पर आ टिकी है। यही कारण है कि आज के युवा परिवार का प्यार छोड़ पैसे के पीछे दौड़ रहे हैं। एकल परिवारों की बढ़ती परंपराओं ने समाजिक एवं पारिवारिक समरसता पर विपरीत असर डाला है। एक समय था जब दादा-दादी परिवार के लिए साया हुआ करते थे लेकिन अब नई पीढ़ी इस छांव से वंचित होते जा रहे है।

#### संयुक्त परिवारों की अनदेखी



नेशनल अवार्डी महाबीर बोंदवाल के अनुसार संयुक्त परिवारों की अनदेखी ने परिवार की एकजुटता पर प्रभाव डाला है। आज के प्रतिस्पर्धा भरे युग में हर व्यक्ति अपने को दूसरे से बेहतर साबित करने के होड़ में व कामयाबी के जूनून में परिवार से दूर होता जा रहा है। संयुक्त परिवार में जहां सामुदायिक भावना होती है, वहीं छोटे परिवार में व्यक्तिगत भावना प्रधान होती है। संयुक्त परिवार में सदस्यों के बीच मेलजोल तथा एक दूसरे के प्रति देखभाल की आदतों के कारण तनाव एवं अवसाद कम हो जाते है।

#### वैवाहिक संबंधों में खटास



सोलधा निवासी रामनिवास काजला का कहना है कि संयुक्त परिवारों के विघटन की समस्या छोटे शहरों तथा गांव-कस्बों में भी दिख रही है। अति महत्वाकांक्षा के चलते जहां पति-पत्नी दोनों कामकाजी हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण परिवेश में भी नई पीढ़ी रोजगार के लिए परिवार त्याग कर शहर की ओर रुख करने के लिए विवश हैं। जिस परिवार में एकता और एकजुटता होती है, उसमें समृद्धि होती है, लेकिन एकल परिवारों के दंपत्तियों के आपसी मनमुटाव एवं वैवाहिक संबंधों में खटास में इजाफा हुआ है।

## दुजाना गांव में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव दुजाना में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब घटना का पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान दुजाना गांव निवासी करीब 26 वर्षीय नीरज पुत्र गणपत के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी विनोद ने बताया कि नीरज अविवाहित था और मेहनत-मजदूरी करता था। कई वर्ष पहले उसकी मां का देहांत हो चुका है जबकि पिता बुजुर्ग हैं। वीरवार की दोपहर करीब तीन बजे उन्हें नीरज द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली। देर शाम होने के कारण मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। अब शुक्रवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।



**झज्जर।** अस्पताल परिसर में परिजनों के बयान लेते हुए पुलिसकर्मी।

## दो अवैध कॉलोनियों में रोड नेटवर्क उखाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

डीटीपी की टीम ने वीरवार को सराय औरंगाबाद के निकट अवैध कॉलोनियों में पीला पंजा चलाया गया। करीब 4 एकड़ में विकसित की जा रही 2 अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की गई। वहां बनाए गए सभी रोड नेटवर्क उखाड़े गए।

गांव सराय औरंगाबाद के रकबे में पीडीएम के निकट तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। यहां 2 अनाधिकृत कॉलोनियों में लगभग 4 एकड़ भूमि पर मिट्टी और सीसी के सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें। महानिदेशक नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग चंडीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने के बाद ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें। अन्यथा ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बार-बार यही अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर कोई प्लॉट न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें।



**बहादुरगढ़।** रोड नेटवर्क उखाड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

## बहादुरगढ़ में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

पूरे देश में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 16 मई को बहादुरगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग शामिल होंगे।



भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने बताया कि तिरंगा यात्रा शुक्रवार 16 मई की शाम 4 बजे पुराना कोर्ट परिसर के सामने से करोड़ डीएवी स्कूल से शुरू होगी। यह विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। यात्रा में सांसद रामचंद्र जांगड़ा, भाजपा नेता ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, कप्तान सिंह बिरधाना, संजय कबलाना, राजपाल जांगड़ा, दीपक हुड्डा व मंजू हुड्डा आदि शामिल होंगे। दिनेश कौशिक ने कहा कि भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। यह राजनीतिक पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि भारतीय सेना की जीत का जश्न है। इसमें आमजन की भागीदारी रहेगी।

## जीआरपी, आरपीएफ ने चलाया जांच अभियान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन प्लेटफार्म परिसर पर गहनता से जांच की गई। यात्रियों का सामान चेक किया गया, उनसे पूछताछ की गई। रेल गाड़ियों तथा स्टेशन के बाहर खड़े वाहनों को भी चेक किया गया। लोगों को सुरक्षा और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया।

जीआरपी थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में यह अभियान चला। उन्होंने कहा कि यात्री सफर करते वक्त अपने आसपास नजर रखें। अपने फोन या सामान को इधर उधर न रखें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या सामान नजर आए तो पुलिस को तुरंत सूचना दें। गाड़ी व प्लेटफार्म पर किसी भी अंजान शख्स से खाने पीने की वस्तु न लें। इसके अलावा आजकल साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं, इसलिए चौकस रहें। किसी भी अंजान शख्स को अपने खाते या निजी जानकारी न दें। प्रलोभन देते ऑफर, पोस्ट को नजरंदाज करें। अज्ञात नंबर से आई वीडियो कॉल को रिसीव करने से बचें। अभियान में ईएसआई नरेंद्र सिंह, ईएएसआई लोकेश कुमार, प्रताप सिंह, ईएचसी संदीप कुमार, रवींद्र, सुमन देवी, नरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।



**बहादुरगढ़।** स्टेशन पर जांच अभियान चलाती पुलिस।



स्पेशल : इंटरनेशनल म्यूजियम-डे, 18 मई

जानकारी / शिखर चंद जैन

# भारत के प्रसिद्ध म्यूजियम्स यहां संग्रहीत हैं अनोखी वस्तुएं




बच्चो, म्यूजियम यानी संग्रहालय ऐसी जगह होती है, जहां कला, संस्कृति, इतिहास और विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलता है। इन्हें देखकर ज्ञानवर्धक जानकारियां तो मिलती ही हैं, साथ ही अनोखे अनुभव भी मिलते हैं। जानो, देश के कुछ म्यूजियम्स के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं।

### वीएमआरडीए आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रहालय विशाखापत्तनम

**भारतीय नौसेना** (इंडियन नेवी) की नॉन-एक्टिव सबमरीन (सेवामुक्त हो चुकी पनडुब्बी) आईएनएस कुरसुरा में यह संग्रहालय स्थित है। यह संग्रहालय, भारत के नौसैनिक इतिहास और समुद्री विरासत के बारे में जानकारी देता है। यहां तुम पनडुब्बी के चैंबर्स, कंट्रोल रूम और लिविंग रूम्स को विजिट कर सकते हो। साथ ही तुम पनडुब्बी चालकों (सबमरीन ड्राइवर्स) की लाइफस्टाइल के बारे में भी जान सकते हो। *

### डॉन बॉस्को स्वदेशी संस्कृति म्यूजियम शिलांग

**इस म्यूजियम** में पूर्वोत्तर भारत की विविध स्वदेशी संस्कृतियां, आदिवासी परंपराएं, कला और शिल्प से जुड़ी सामग्री देखने को



मिलती हैं। यहां तुम आदिवासियों के झोपड़ी जैसी कलाकृतियों के साथ-साथ उनके पारंपरिक वेशभूषा, संगीत, वाद्ययंत्रों के अलावा आदिवासियों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति से जुड़ी कई आकर्षक और आश्चर्यजनक चीजें देख सकते हो। इसके अलावा, यहां एक स्काईवॉक की भी व्यवस्था है, जहां से तुम्हें इस म्यूजियम और शिलांग के अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। *



### हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम गुरुग्राम

**परिवहन यानी** ट्रांसपोर्ट हमारी डेली लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित इस म्यूजियम में तुम इंडियन ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलग-अलग दौर में इस्तेमाल में आने वाले एंटीक व्हीकल्स देख सकते हो। इस म्यूजियम में पुरानी कारों, मोटरसाइकिलों, रेलवे कोचों, विमानों और परिवहन के अन्य साधनों के संग्रह हैं। बच्चो, तुम यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, मल्टीमीडिया डिस्प्ले के माध्यम से ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव को भी जान-समझ सकते हो। *

### सालार जंग म्यूजियम हैदराबाद



**मीर यूसुफ** अली खान, जिन्हें सालार जंग तृतीय के नाम से भी जाना जाता है, हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहे थे। मीर यूसुफ को दुर्लभ वस्तुएं, कलाकृतियां, पांडुलिपि आदि इकट्ठा करने का शौक था। उनके पश्चात उनके परिवार और अगली पीढ़ियों द्वारा भी इस म्यूजियम के लिए कलाकृतियों एवं अन्य वस्तुओं का संग्रह किया जाता रहा। आज इस संग्रहालय में एक मिलियन यानी दस लाख से अधिक कलाकृतियां और अन्य संग्रहणीय सामग्रियां रखी हुई हैं। *

### शंकर अंतर्राष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय नई दिल्ली



**इस म्यूजियम** की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट शंकर पिल्लई ने की थी। खास बात यह है कि इस म्यूजियम में दुनिया के किसी भी अन्य डॉल म्यूजियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। इस म्यूजियम में लगभग 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स तुम्हें देखने को मिलेंगी। इन डॉल्स की बनावट, पारंपरिक पोशाक और सांस्कृतिक महत्व को देखकर-जानकर तुम्हें आश्चर्य होगा। *

### इंडियन म्यूजियम कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूजियम, देश का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इसे स्थानीय लोग अजायबघर या जादूघर भी कहते हैं। 1814 में बना यह म्यूजियम भारत का सबसे पुराना म्यूजियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। यहां प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इंडियन म्यूजियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूजियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं।



स्पेशल : इंटरनेशल ड्रॉइंग-डे

# ड्रॉइंग करने से बढ़ेगी क्रिएटिविटी इंप्रूव होगी पर्सनालिटी

बच्चो, तुमको चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरने में बहुत मजा आता होगा, है न! क्या तुम जानते हो, ड्रॉइंग करने की शुरुआत कब हुई और इससे क्या-क्या फायदे होते हैं? आज ड्रॉइंग-डे के अवसर तुम्हें बता रहे हैं, इससे जुड़ी रोचक बातें।

क्रिएटिव आर्ट
कुमार गौरव अजीतेंदु



बच्चो, चित्रकारी यानी ड्रॉइंग एक बहुत रोचक आर्ट है। बच्चे ही नहीं कई बड़ी उम्र के लोगों को भी इसमें काफी इंटरेस्ट होता है। कई लोग तो ड्रॉइंग को ही अपना करियर बना लेते हैं और इसके जरिए खूब नेम-फेम पाते हैं। ड्रॉइंग के महत्व को लोगों को बताने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 16 मई (आज के दिन) को 'अंतरराष्ट्रीय चित्रकारी दिवस' या 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग डे' के रूप में मनाया जाता है।

**कब मनाया गया पहला ड्रॉइंग-डे:** साल 2008 में दुनिया भर में पहली बार 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे' मनाया गया था। इस अवसर पर ड्रॉइंग के फील्ड से जुड़े लोगों को अपनी क्रिएटिविटी, अपने आर्ट को ऑनलाइन शेयर करने के लिए इनवाइट किया जाता है। साथ ही ड्रॉइंग से होने वाले लाभों से अवगत कराने और ड्रॉइंग में लोगों की रुचि जगाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

**होते हैं अनेक फायदे:** ड्रॉइंग के माध्यम से तुम अपनी इमेजिनेशन, अपनी नॉलेज और क्रिएटिविटी को अधिक प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल इंप्रूव होती हैं। इसके अलावा भी ड्रॉइंग के कई फायदे होते हैं, जैसे-

**मिलती है हैप्पीनेस:** ड्रॉइंग करते समय मन शांत और एकाग्रचित्त होता है। इसलिए जब तुम ड्रॉइंग करते हो, तब टेंशनफ्री और हैप्पी रहते हो।

**बढ़ता है कॉन्फिडेंस:** जब तुम अपनी इमेजिनेशन से कोई अच्छी ड्रॉइंग बनाते हो, तो इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**फीलिंग्स एक्सप्रेशन का तरीका:** ड्रॉइंग के जरिए तुम अपनी हर फीलिंग को बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हें सेल्फ-सैटिस्फेक्शन मिलता है।

**स्ट्रेस होता है दूर:** कई शारीरिक-मानसिक रोगों के ट्रीटमेंट में ड्रॉइंग का थेरेपी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे टेंशन और स्ट्रेस दूर होता है, मानसिक सुकून मिलता है।

**ऐसे मनाओ ड्रॉइंग डे:** तुम चाहो तो अपने फ्रेंड्स के साथ मिलकर ड्रॉइंग-डे को स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हो। इसके लिए तुम सब कोई एक थीम सेलेक्ट कर लो फिर एक निश्चित समय में उस थीम पर बेस्ड ड्रॉइंग बनाओ। इस कॉम्पिटिशन में किसकी ड्रॉइंग बेस्ट है, इसका डिसीजन करने के लिए अपने आर्ट टीचर या आस-पड़ोस के अंकल की हेल्प ले सकते हो, जिन्हें ड्रॉइंग में इंटरेस्ट हो। *

### ड्रॉइंग से जुड़े कुछ फैक्ट्स

- इंसानों ने अब से लगभग 30,000 वर्ष पहले चित्र बनाना शुरू कर दिया था।
- 1797 में निकोलस-जैक्स कोंटे ने पेंसिल का आविष्कार किया, इससे चित्र बनाना आसान हो गया।
- अधिकांश चित्र सरल ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, वर्ग और त्रिभुज से शुरू होते हैं।
- प्राचीन काल में लोग कहानियां सुनाने या जानकारी साझा करने के लिए गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाते थे।
- प्राचीन मिस्रवासी चित्रकला को लेखन के रूप में प्रयोग करते थे, जिसे 'हाइरोग्लाइफिक्स' कहा जाता था।
- 1984 में पहला मैकिंटोश कंप्यूटर तैयार किया गया, जिसमें पेंट प्रोग्राम 'मैकपेंट' था, जिससे डिजिटल ड्रॉइंग और डिजाइन को नई सुविधाएं मिलीं।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## आस-पास की कहानियां

जैसा कि इस किताब के नाम (बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से) से ही पता चलता है यह 'किस्सों' की किताब है। इसे पढ़ते हुए पता चलता है कि किताब के सभी चौदह 'किस्से' हमारे आस-पास घटने वाली छोटी-छोटी घटनाएं हैं। तरह-तरह की 'बातें' हैं, जो ध्यान से देखने पर हमें चौंकाती हैं।




किताब में दिए इन किस्सों के विभिन्न चरित्र कुछ जाने-पहचाने से दिखते हैं- बहुत साधारण, सीधे-सादे और अपने में मस्त। लेकिन उनकी अपनी कुछ खास आदतें, सनक या कहें किसी काम को करने की धुन, जिन्हें लेखक जिस अंदाज में हमारे बीच रखता है, ये अपने आप में अनोखा बना देती हैं। इन किस्सों के साथ दिए किताब के रंग-बिरंगे वाटर-कलर से बने चित्र सामान्य चित्रों से अलग और सुंदर दिखते हैं। *

**किताब:** बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से, **लेखक:** शिवनारायण गौर, **चित्रकार:** नीलेश गहलोत, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

### बूझो तो जानें

1
चिंगारी से वो भड़क जाए।
सूखी लकड़ी-कंडे खाए।
छूने चलो, तो अंग जलाए।
पानी पीते ही मिट जाए।

2
सब कहते हैं जुड़वां भाई
पैरों में ही जगह है पायी।
कहीं एक साथी खो जाए
दूजा कोई काम न आए।

3
जोड़, घटाना, गुणा, भाग है
मेरे बाएं हाथ का काम।
कभी नहीं गलती करता हूं
मित्र! बताओ मेरा नाम।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.आग, 2.जूते, 3.कैलकुलेटर

### जीके क्विज-154

1. हाल में किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा की?
2. 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
4. भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा को किस नाम से जाना जाता है?
5. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
6. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उनके पद की शपथ कौन दिलवाता है?
7. विश्व की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
9. दुनिया में सबसे अधिक रबड़ का उत्पादन किस देश में होता है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-154 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-153 का उत्तर :** 1.स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.वायुसेना उपप्रमुख, 4.15 मई, 5.ग्यारह, 6.रानी लक्ष्मीबाई, 7.बुध, 8.लियोनार्दो द विंची, 9.नाइट्रस ऑक्साइड, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-153 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, प्रज्ञा-रायपुर, मुस्कान-कोंडागांव, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, कमल-महेंद्रगढ़, अमन-रोहतक, कशिश-महासमुंद, रोशन-दुर्ग, गुंजन-भोपाल, जतिन-रायगढ़

कहानी / क्षमा शर्मा

स्कूल में गर्मी की छुट्टियां क्या हुईं, मिनी का घर से निकलना बंद हो गया। घर में यही कहा जाता-बाहर धूप तगड़ी है, लू लग जाएगी। बेचारी मिनी करे तो क्या करे? तुम्हारे लिए बहुत प्यारी-सी कहानी।

## मिनी की परेशानी



मिनी की छुट्टियां क्या हुईं, सवेरे से ही सब उसे पुकारने लगते, 'मिनी, जल्दी उठो। फ्रेश होओ। ब्रश करो। दूध पिओ, फिर नीचे खेलने जाओ।' दादी कहतीं, 'नहीं मिनी, बाहर तो अभी से इतनी तेज धूप है। देख रही हो न कि पेड़-पौधे भी धूप से कैसी हाय-हाय कर रहे हैं। कहीं मत जाओ। जो खेलना हो, घर के अंदर खेलो। और बाहर जाओ भी तो पेट भरकर पानी पीकर, फिर लू नहीं लगेगी।'

'लो जी, पेट भरकर पानी ही पी लेगी तो दूध कैसे पिएगी, नाश्ता कैसे करेगी?' मम्मी, दादी से शिकायत करती-सी पूछतीं। बेचारी मिनी, मम्मी की सुने कि दादी की।

तभी भइया अंदर वाले कमरे से चिल्लाता, 'मेरे जूते नहीं मिल रहे हैं। जरूर इस मिनी ने ही इधर-उधर किए होंगे। इसे जूतों से फुटबॉल खेलने की आदत जो है।'

मिनी धीरे से बोली, 'तो ला दो न एक अच्छी-सी फुटबाल, नहीं खेलूंगी फिर जूतों से। पता है, कभी नहीं लाएगा। कंजूसड़ा कहीं का। जब देखो तब मुझसे ही पैसे मांगता रहता है।' वैसे तो बात यह है कि उसने जूते कहीं इधर-उधर नहीं किए थे। मिनी मन ही मन सोचती है, 'इसी ने कहीं इधर-उधर उतारे होंगे। जहां भी कुछ रखता है, कभी याद नहीं रहता है इसे। कभी पेन, कभी चाबी, कभी पासवर्ड हमेशा कुछ न कुछ भूला या खोया रहता है इसका और नाम लगा रहा है मेरा। हुंह... इससे तो अच्छी थी कि स्कूल ही जाती।'

'अरे मिनी, यह अपने से ही क्या बातें कर रही है?' पापा ने जाते-जाते पूछा तो वह तकिए में मुंह छिपाती बोली, 'कुछ नहीं पापा, पोयम याद कर रही थी।'

'अच्छा भई हम भी तो सुनें तुम्हारी पोयम।' पापा पलंग के पास आकर बैठ गए तो मिनी ने ऐसे दिखाया जैसे वह सो रही हो और सपने में ही पापा की बात का जवाब दिया हो। पापा ने मान भी लिया, 'अरे, लड़की तो सो रही है अभी। चलो, सोने दो। नहीं तो बेचारी हर रोज सुबह उठती है। सवेरे की उठी-उठी रात को सो पाती है। बच्चों को भी बड़ों की तरह बस रात-दिन काम ही काम है।' जब भइया चला गया, पापा दफ्तर के लिए निकले, उसने कार स्टार्ट करने की आवाज सुन ली और उसके कुछ देर बाद मम्मी शालू आंटी से मिलने चली गईं और दादी पूजा करने लगीं। अब पूजा भी तो पूरे दो घंटे की। मिनी को लगा कि अब बस दो घंटे तक कोई उससे यह नहीं कहेगा, 'अरे मिनी, यह क्या कर दिया, वह क्या कर दिया, यह लड़की तो किसी की नहीं सुनती है, टीचर से कहना पड़ेगा। कल ही तो इतनी महंगी डॉल दिलवा कर लाए थे और आज उसके बाल उखाड़ दिए।' ओह डॉल से अच्छा याद आया, मिनी को तो आज उसकी आंख ठीक करनी थी। कितने तो काम थे। मिनी ने फौरन खिलौनों की अलमारी खोली और सोचने लगी कि कैसे आंख ठीक करे? उसकी नीली आंख अंदर चली गई थी। भइया ने नीले बॉल प्वॉइंट से उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह और अंदर घुस गई। पूरी आंख पर नीला रंग फैल गया। भइया तो गुड़िया को फेंक कर चला गया। अब एक आंख की गुड़िया उसे अच्छी नहीं लगती। तो उसे याद आया कि उसके टॉमी कैट की आंखें भी तो नीली हैं। उसने टॉमी को अलमारी से बाहर निकाला। फिर सोचने लगी, 'अगर इसकी एक आंख डॉल को लगा भी दूं तो फिर इसके लिए दूसरी आंख कहां से लाऊंगी?'

मिनी ने सोचा दादी से पूछे लेकिन वह तो पूजा कर रही थीं। तो फिर किससे पूछे? उसने शालू आंटी के यहां गईं मम्मी को फोन किया। मम्मी बिगड़ गईं, 'क्या मिनी, कभी चैन से नहीं रहने देती। अब तू अपनी गुड़िया का किस्सा ले बैठी। घर आकर करती हूं बात।' 'लो मम्मी खुद तो चली गईं और मुझे धूप का बहाना बनाकर दादी ने नीचे पार्क में भी खेलने नहीं जाने दिया। क्या बड़ों को धूप नहीं लगती?' मिनी बुदबुदाई।

मिनी ने डॉल को फिर से अलमारी में रखा। मम्मी लौटेंगी तो उनसे उसकी आंख ठीक कराएगी, फिर बालकनी में जाकर बाहर देखने लगी। पार्क में एक मैना घास से बीन कर कुछ खा रही थी कि एक गिलहरी उसके पीछे दौड़ी। मैना डर से दूर भाग गई तो गिलहरी वहां खाने लगी। पता नहीं वह क्या खा रही थी। मैना ने फिर उधर कदम बढ़ाया तो इस बार दो गिलहरियों ने उसका पीछा किया। मिनी को इस खेल में बहुत मजा आया। लगा जैसे कि गिलहरी और मैना छुआ-छुई का खेल खेल रही हों। तभी टॉमी कैट जैसा एक बिल्ला एक गौरैय्या की तरफ दबे पांव बढ़ा। मिनी जोर से चिल्लाई, 'भागो-भागो..!' और तालियां बजाने लगी। ताली की आवाज से गौरैय्या उड़ गई। दोनों गिलहरियां भाग गईं और बिल्ला देखता रह गया। उसके शिकार जो हाथ से निकल गए थे। तभी दादी ने आकर पूछा, 'किसे भगा रही थी मिनी?' उसके मुंह से निकला, 'टॉमी कैट को।'

'टामी कैट को! क्या तूने अपना बिल्ला भी डॉल की तरह तोड़कर खराब कर दिया और बाहर फेंक दिया? कितना नुकसान करती है री लड़की।' कहती हुई दादी तो तुलसी को पानी देने लगीं। मिनी ने उनकी नकल उतारी, 'कितना नुकसान करती है री लड़की!' और वहां से भाग गई। दादी पुकारती ही रह गईं, 'मिनी, ओ मिनी, कहां भाग गई, बाहर मत जाना बहुत धूप है..।'

'हां दादी, अब सवेरे से शाम तक पुकारो मुझे। पता नहीं ये छुट्टियां आती ही क्यों हैं?' मिनी भुनभुनाई। *

कविता
घमंडीलाल अग्रवाल



## गरमी की अगवानी

भैया, दीदी, नाना, नानी-
करते गरमी की अगवानी।
उठा हाथ तेरे स्वागत में
ट्विस्ट कर रहे सूती कपड़े,
पतला कुर्ता, धोती पतली
गुन-गुन गीत गा रहे अकड़े,
जेल गए अब गर्म वस्त्र सब-
खूब दिखा अपनी मनमानी।
खरबूजों की, तरबूजों की
फसल तीव्र गति से मुस्काती,
आड़ू, जामुन, आम, लीचियां
बने हुए हैं प्यारे साथी,
'मुझसे करो दोस्ती पक्की'-
कहता ठंडा-ठंडा पानी।
खड़ी हुई-बांहें फैला,
कुल्फी और बर्फ की सिल्ली,
आओ खेलें मिलकर सारे
खेल अनोखा डंडा-गिल्ली,
शीतल पेय छेड़ने बैठे-
धुन प्यारी जानी-पहचानी।

### रंग भरो-175

**रंग भरो-175** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्यांश, दुर्ग


रितेश, मटियारी


श्वेता, रायपुर


रशिका, जांजगीर



दीत्या, अहिवारा


भाविका, सरोरा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
आस्तिका-चांपा, भावी-धमतरी, चहक-कोसली, डिंपल-दुर्ग, गौरांग-रायपुर, पलक-धमतरी, परिधि-ईमेल से, सानवी-अंबिकापुर, तेजस-सरोरा, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विक्की-बिलासपुर।

### रंग भरो 176

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### साइबर फ्रॉड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर क्राइम की एक टीम द्वारा साइबर फ्रॉड मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर क्राइम प्रभारी सोमबीर ने बताया कि खेड़ी खुम्मार निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भवानी सिंह निवासी मोरेड जिला कुचामन नागौर राजस्थान और राजवीर निवासी गुल्लर नागौर राजस्थान के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गांव के लोगों पर मारपीट का लगाया आरोप

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भूरावास निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट करके उसे व उसके परिवार के अन्य सदस्यों को घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में मनोज कुमार ने बताया कि वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गांव से बाहर खेत में रहता है। उसने अपने घर पर निर्माण कार्य चलाया हुआ है। बीती 14 मई की दोपहर करीब बारह बजे गांव के रमेश, विक्रम आदि अपने परिवार के अन्य सदस्यों व दस-बारह युवकों को लेकर उसके मकान पर पहुंचे जहां उन्होंने उसके व उसके परिजनों के साथ मारपीट की। इस घटना में उसके अलावा उसकी पत्नी राजवंती, मां बिमला, भाई धर्मेंद्र, सुरेश आदि को चोट आई। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया जहां वे उपचाराधीन है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**झज्जर।** वीरवार को आईटीआई जहांगीरपुर में सेफ्टी और एडल्टरेशन जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों और संस्थान स्टॉफ सदस्यों को खाद्य पदार्थों में मिलावट और उसकी रोकथाम से संबंधित जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में डॉ. रॉबिन अहलावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टॉफ सदस्यों को खाद्य सुरक्षा, मिलावट की पहचान एवं इसके दुष्परिणामों पर विस्तृत जानकारी दी और सतर्कता बरतने का संदेश दिया।

### बारहवीं कक्षा में छात्रा कविता ने प्रथम, छात्र सहदेव ने द्वितीय तथा जतिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

# होनहार विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर किया सम्मानित

- बारहवीं कक्षा में 43 में से कुल 15 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया जबकि 20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों, ग्राम पंचायत व एमएससी सदस्यों के साथ प्राचार्य सम्मत सिंह सैनी। फोटो :हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरावास में वीरवार को सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षक एमडी खन्ना ने बताया कि स्कूल प्राचार्य सम्मत सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान ग्राम पंचायत और एमएससी कमेटी द्वारा मेरिट में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को फूलमाला व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा में छात्रा कविता ने प्रथम, छात्र सहदेव ने द्वितीय तथा जतिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में हिमांशी पहले, शिक्षा दूसरे तथा अंजलि तीसरे स्थान पर रही। बारहवीं कक्षा में 43 में से कुल 15 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया जबकि 20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। दसवीं कक्षा में 46 विद्यार्थियों में से दस विद्यार्थी मेरिट में रहे जबकि 22 ने प्रथम श्रेणी के साथ परीक्षा पास की। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि जयभगवान चाहर ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों के बीच उपस्थित निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत।

### बाल विकास स्कूल में अभिनव को किया सम्मानित



बहादुरगढ़। स्कूल में अभिनव दलाल का सम्मान करते स्कूल प्रबंधक। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** सीएसआईआर नेट जेआरएफ में ऑल इंडिया 5वीं रैंक हासिल करने वाले बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी रहे अभिनव दलाल का वीरवार को स्कूल में सम्मान किया गया। अभिनव की मां सुष्मा ने सम्मान समारोह के दौरान बताया कि वे इस स्कूल में पढ़ने के बाद पढ़ा भी चुकी है। स्कूल प्रबंधक रामनिवास छिल्लर, एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ सीमा छिल्लर, प्रधानाचार्या डॉ. पूनम चौधरी समेत अन्य शिक्षकों ने अभिनव दलाल का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा नोटों की माला पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने बताया कि अभिनव दलाल ने सीएसआईआर नेट जेआरएफ में ऑल इंडिया 5वीं रैंक हासिल कर बाल विकास स्कूल का नाम देश में रोशन किया है। अभिनव ने बताया कि 12वीं तक बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत बीएससी फिजिक्स ऑनर्स, एमएससी फिजिक्स, एमए पीएसआईआर की पढ़ाई उन्होंने की। उनके अनुसार शिक्षकों ने मार्गदर्शन करते हुए हमेशा उत्साह बढ़ाया और इसी कारण आज यह मुकाम हासिल हुआ है। अभिनव की मां सुष्मा ने बताया कि स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है। शिक्षा के साथ ही बच्चों को संस्कारवान भी बनाया जा रहा है। यही कारण है कि यहां के विद्यार्थी समाज व राष्ट्र की सेवा कर स्कूल, गुरुजनों, माता-पिता व बहादुरगढ़ का नाम देश भर में रोशन कर रहे हैं।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**झज्जर।** आरईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छुछकवास में विशेष प्रार्थना सभा के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित संस्था के निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने झज्जर जिले में दूसरे स्थान पर रहे विद्यार्थी अक्षित अहलावत के साथ-साथ 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी साक्षी, तनिषा, गर्व मल्हान, तमन्ना, हन्नी सिंह देशवाल, प्रीत, मयंक, मनीष, अंशिका, करुणा, वंशिका, सुनीति, अंश, श्रुति, यश, हर्ष आदि को सम्मानित किया। उन्होंने इन विद्यार्थियों को शिक्षित करने वाले सभी अध्यापकों को भी मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सरिता मल्हान, शाखा प्रमुख सुनील कादियान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए 19 मई से खुलेगा एडमिशन पोर्टल

**झज्जर।** सीबीएसई और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने राज्य के सभी कॉलेजों को जारी अपने पत्र में बताया है कि 19 मई से उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो जाएंगे। इससे पहले सभी कॉलेजों को 17 मई तक एडमिशन पोर्टल पर अपने कॉलेज का प्रोफाइल अपडेट करना होगा और उपलब्ध कोर्सों और सीटों की जानकारी देनी होगी। नेहरू कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि अभी दाखिले की विस्तृत अधिसूचना जारी नहीं की गई है लेकिन पिछले वर्षों की अधिसूचना को देखते हुए विद्यार्थी ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए अपने फोटो और सिग्नेचर की स्कैन कॉपी, मैट्रिक और बारहवीं कक्षा का सर्टिफिकेट, स्कूल से जारी मूल चरित्र प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, आरक्षण का लाभ लेने के लिए उस केटेगरी के जरूरी प्रमाण पत्र अपने साथ तैयार रखें। विद्यार्थी ध्यान से अपना ऑनलाइन आवेदन भरें। दाखिला मेरिट के आधार पर होगा और बारहवीं के बेस्ट फाइव सब्जेक्ट्स के अंक और निर्धारित वेटेज को जोड़कर मेरिट बनाई जाएगी। दाखिलों में सरकार की आरक्षण नीति का पूरी तरह पालन किया जाएगा।



डॉक्टर अमित भारद्वाज, मीडिया प्रभारी।

# सार्थक समिति ने बच्चों को किया प्रोत्साहित



बहादुरगढ़। सेक्टर-6 में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती सार्थक समिति।

- कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों ने देशभक्ति पर अपनी प्रस्तुतियां पेश कर सबका मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सार्थक सेवा समिति ने सेक्टर-6 के राजकीय प्राथमिक संस्कृति विद्यालय टॉपर 43 बच्चों को सम्मानित किया। उन्हें टिफिन बॉक्स और पानी की बोतलें भेंट कर प्रोत्साहित किया। सभी बच्चों, अध्यापकों एवं अभिभावकों में सार्थक परिवार द्वारा बिस्कुट के पैकेट्स वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों ने देशभक्ति पर अपनी प्रस्तुतियां पेश कर सबका मन मोह लिया। मंच संचालन अजय सिंह ने किया। मुख्याध्यापिका उर्मिला देवी, प्रकाशी देवी व सुरेश कुमार ने समिति पदाधिकारियों का आभार जताया।

### सिविल डिफेंस टीम में जुड़ने के लिए लोगों में उत्साह, पहले दिन सौ से अधिक रजिस्ट्रेशन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि सिविल डिफेंस टीम झज्जर से जुड़ने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्वाइनिंग के लिए क्यूआर कोड व लिंक लॉन्च के 24 घंटे के भीतर ही सौ से अधिक संख्या में लोगों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। जिलेभर से पूर्व सैनिक, एनसीसी-एनएसएस कैडेट्स, सामाजिक कार्यकर्ता, रेडक्रॉस वालंटियर्स, शिक्षक, युवा और गृहणियां इस टीम से जुड़कर समाज और देश सेवा में योगदान देने के लिए आगे आ रहे हैं। यह टीम भविष्य में आपदा प्रबंधन, राहत व बचाव कार्यों, ट्रैफिक कंट्रोल और जन-जागरूकता अभियानों में प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करेगी।



स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीसी झज्जर।

# खिलाड़ियों को जल्द मिलनी चाहिए पुरस्कार राशि



बहादुरगढ़। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात करते अनिल खत्री। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपप्रधान अनिल खत्री ने प्रधान मीनू बेनीवाल और महासचिव एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार से मुलाकात की। उनसे 38वें नेशनल गेम्स के कैश प्राइज जल्द देने की मांग की। अनिल खत्री ने कहा कि प्रतियोगिता के समापन के साथ ही खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और प्राइज राशि उसी समय मिलनी चाहिए। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन इस दिशा में काम करेगी तो खिलाड़ियों को इसका सीधा फायदा होगा। खत्री ने बताया कि नेशनल गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता को 7 लाख, सिल्वर पदक विजेता को 5 लाख और कांस्य पदक विजेता को 3 लाख की प्रोत्साहन राशि मिलती है। प्रतिभागी को 51 हजार प्रोत्साहन राशि सरकार देती है। समय पर यह प्रोत्साहन राशि मिलने से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है। उनके अनुसार हरियाणा ओलंपिक एसो. की नई कार्यकारिणी पूरे जोश के साथ काम कर रही है। खिलाड़ियों के प्रमाण पत्रों की ग्रेडेशन भी समय पर हुआ करेगी। इस मौके पर सुरेश जून भी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### दस्तावेजों के अभाव में विद्यार्थियों को नहीं किया जाएगा दाखिला लेने से वंचित

**झज्जर।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के अनुसार दस्तावेजों के अभाव में किसी भी बच्चे को स्कूल में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा। प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार है। इसे सभी स्तरों पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विद्यालय शिक्षा निदेशालय जारी पत्र में बताया गया है कि आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र आदि आवश्यक दस्तावेजों की अनुपलब्धता के कारण सरकारी स्कूलों में प्रवेश से वंचित किया जा रहा है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि दस्तावेजों की अनुपलब्धता या अनुपस्थिति किसी भी बच्चे को प्रवेश से वंचित करने का कारण नहीं बन सकती। इसलिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को तत्काल प्रभाव से ये निर्देश दें। पत्र में यह भी लिखा गया है कि यदि दस्तावेजों के अभाव के कारण एमआईएस या ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है, तो संबंधित स्कूल प्राधिकारी बच्चे को तुरंत दाखिला दें और स्कूल के एडमिशन रजिस्टर में ऑफलाइन एडमिशन के तौर पर विवरण दर्ज करें, एमआईएस पोर्टल पर एडमिशन कॉलम के अंतर्गत छात्र का डेटा ऑफ़लाइन अपलोड करें, बच्चे या उनके माता-पिता अथवा अभिभावक को आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए उचित समय दें, दस्तावेज प्राप्त होने के बाद, पिछले वर्ष की तरह ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जा सकती है

### भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा आज

**झज्जर।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में शुक्रवार सांय चार बजे बहादुरगढ़ में जिलास्तरीय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा में भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ और राज्य सभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। रोहतक रोड स्थित डीएवी स्कूल से शुरू होने वाली इस तिरंगा यात्रा में आमजन व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक पर वीर बलिदानियों को नमन करके यह तिरंगा यात्रा लाल चौक, पुराना बस स्टैंड से वापिस मेन बाजार होते हुए किला मोहल्ला, मांडौठी बाजार, झज्जर रोड सब्जी मंडी होते हुए वापिस डीएवी स्कूल पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा में जिले भर से कार्यकर्ता शामिल होंगे और वीर बलिदानियों को नमन करेंगे।



विकास वाल्मीकि

### प्राचीन हनुमान मंदिर में हवन एवं भंडारा आयोजित

**झज्जर।** बहादुरगढ़ रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में वीरवार को 21वें हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा ज्ञानदास व सोहनदास महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित इस भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक समिति प्रधान वेद प्रकाश दूहन ने बताया कि वर्ष 2004 को ज्ञानदास व 2015 में सोहन दास महाराज ने शरीर छोड़ा था। दोनों महात्माओं की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में शहरवासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व सुबह हवन का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डालते हुए सर्व मंगल की कामना की। इस अवस पर मंदिर के पुजारी सीताराम शास्त्री ने भंडारे में सहयोग करने वाले श्रद्धालुओं का अभार जताया।



झज्जर। प्राचीन हनुमान मंदिर में भंडारा ग्रहण करते संत महात्मा। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और वालंटियर्स ने किया रक्तदान



**झज्जर।** वीरवार को चौधरी रणवीर सिंह हॉल में झज्जर बार एसोसिएशन, रेडक्रॉस सोसाइटी और नागरिक अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स और युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और मानवता के नाम रक्तदान किया। विशेष बात यह रही कि सीजेएम विशाल सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने भी स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। सीजेएम विशाल ने कहा कि देश पर चल रहे युद्ध संकट के दौरान घायल हुए सैनिकों के जीवन की रक्षा के लिए यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान एक आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसमें आयुर्वेदाचार्य द्वारा उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया, न्यायाधीश आदित्य वर्मा, न्यायाधीश धीरज यादव, न्यायाधीश नीलम, न्यायाधीश रवि, अधिवक्ता गौतम, आशीष, डॉक्टर पवन देशवाल, डॉक्टर मोनिका, देवेंद्र चहल, दीपक, डॉ. रेखा, ममता, कविता, अशोक, मीनाक्षी, पैरा लीगल वालंटियर कर्मजीत, शिवधन, सरोज, नवीन, प्रेमवती, रोशनी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### जिले में गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद प्रक्रिया संपन्न

**झज्जर।** वीरवार जिले में रबी सीजन की सरसों व गेहूं खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज मंडियों में फसलों की खरीद का अंतिम दिन रहा। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिले की अनाज मंडियों व परचेज सेंटरों पर जिला के 33 हजार 175 किसानों ने गेहूं बिक्री व 15 हजार 646 किसान सरसों की बिक्री से लाभावित हुए। जिले की मंडियों में गेहूं की एक लाख 98 हजार 313 मीट्रिक टन आवक दर्ज की गई है, जबकि एक लाख 88 हजार 809 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। जिसमें से 99 प्रतिशत खरीदी गई गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि 15 हजार 646 किसानों ने सरसों बिक्री की है। मंडियों में 33 हजार 876 एमटी सरसों खरीद की जा चुकी है।

# ग्रामीणों ने पूर्व विधायक का जताया आभार

- 81 लाख रुपये की लागत से बरसाती नाला मंजूर करवाया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। नाला बनवाने पर पूर्व विधायक राजेंद्र जून का आभार जताते ग्रामीण।

गांव जसौर खेड़ी में बरसाती नाला बनने पर ग्राम वासियों ने पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून का आभार जताया। उनसे पिछले साल गांव में 200 एकड़ भूमि पर होने वाले बरसाती पानी के जलभराव की निकासी को लेकर नाला बनवाने की मांग की गई थी। यह नाला बनने पर उन्होंने तत्कालीन विधायक का आभार जताया। बिजेंद्र बिंदर प्रधान, विजय देशवाल, दलबीर देशवाल, जोगेंद्र देशवाल, मान सिंह दलाल, कश्मीर दलाल, राजपाल देशवाल, सुकेश देशवाल, रमेश नंबरदार, राजू देशवाल, रामेश्वर दलाल, हंसे देशवाल, महा सिंह थानेदार व राजू आदि ने बताया कि पिछले साल तत्कालीन विधायक राजेंद्र सिंह जून के समक्ष बरसात की वजह से गांव की 200 एकड़ जमीन में जलभराव होने की शिकायत की गई थी। तत्कालीन विधायक राजेंद्र सिंह जून ने इसका समाधान करने के लिए 81 लाख रुपये की लागत से बरसाती नाला मंजूर करवाया था और विधानसभा चुनाव से पहले इस नाले का निर्माण कार्य भी शुरु करवा दिया था। ग्राम वासियों ने राजेंद्र सिंह जून आभार जताते हुए बताया कि अब एक सप्ताह पहले यह बरसाती नाला बन गया है। अब जलभराव की समस्या नहीं रहेगी और किसान अपनी खेती कर पाएंगे।

### खैरपुर में टीन शेड डालने का काम शुरू



**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने गांव खैरपुर के कम्युनिटी सेंटर में 100 फुट लंबे टीन शेड डालने के कार्य का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने विकास कार्य कराने पर उनका आभार जताया। रविंद्र छिल्लर बराही ने गांव के बुजुर्ग व्यक्ति के हाथों से नारियल तुड़वाकर यह कार्य शुरु करवाया। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने बताया कि भाजपा सरकार में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। जनता को ज्यादा से ज्यादा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही उनकी प्राथमिकता है। उनके अनुसार जिला परिषद की ग्रांट से इस कम्युनिटी सेंटर में टीन शेड डाला जाएगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मोहन, सुमित मुकुंदपुर, जितेंद्र बामडोली, विकास कानोंदा, पूर्व सरपंच रामफल, चंद्रभान, जीतू खैरपुर व अर्जुन आदि मौजूद रहे।

### ब्रिगेडियर रण सिंह पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय रस्सा-कसी प्रतियोगिता का आयोजन

# रस्सा कसी प्रतियोगिता में उदयगिरी सदन रहा प्रथम

- विजेता खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा प्रोत्साहित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का शुरूआत कराते हुए शिक्षिका। फोटो :हरिभूमि

ब्रिगेडियर रण सिंह पब्लिक स्कूल में वीरवार को अंतर सदनीय रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों के दौरान लड़कों के सीनियर वर्ग में हिमगिरी सदन ने पहला तथा उदयगिरी सदन ने दूसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों के इसी वर्ग में भी हिमगिरी सदन विजेता रहा। लड़कों के जूनियर वर्ग धौलगिरी सदन विजेता और उदयगिरी सदन रनर अप रहा जबकि लड़कियों की इसी प्रतियोगिता में उदयगिरी सदन ने पहला तथा धौलगिरी सदन ने दूसरा स्थान हासिल किया। सब जूनियर वर्ग में उदयगिरी सदन के लड़कों की टीम विजेता तथा धौलगिरी सदन की टीम उपविजेता रही। लड़कियों के इसी वर्ग में धौलगिरी सदन की टीम विजेता तथा उदयगिरी सदन की टीम उपविजेता रही। ओवरऑल परिणामों में उदयगिरी सदन को पहला, धौलगिरी सदन को दूसरा तथा हिमगिरी सदन को तीसरा स्थान मिला। विजेता खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

### जैवलीन थ्रो में हिमांशु ने जीता गोल्ड

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के पूर्व छात्र हिमांशु जाखड़ ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। हिमांशु जाखड़ के ताऊ जगबीर जाखड़ ने बताया कि पटना में हुई इस प्रतियोगिता में उसने यह मेडल जैवलीन थ्रो में जीता। इससे पहले भी वह एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुका है। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने हिमांशु व उसके कोच को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने हिमांशु को गुलिया खाप की ओर से भी प्रोत्साहन राशि भेंट की। उन्होंने बताया कि जबसे हिमांशु के ताऊ ने हिमांशु के खेलों की कमान संभाली है, तबसे वह दिन दुगुनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया और प्राचार्य सतबीर सिंह ने भी हिमांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## खबर संक्षेप

### मेगा एजुकेशन फेयर 18 को 10 बजे

**बहादुरगढ़।** शहर के गोरैया टूरिस्ट पर्यटन केंद्र सभागार में रविवार 18 मई को सुबह 10 बजे मेगा एडमिशन व एजुकेशन फेयर का आयोजन किया जा रहा है। मिलन एजुकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस एजुकेशन फेयर में कई यूनिवर्सिटी व कॉलेज के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। ट्रस्ट चेयरमैन संजीव सांगवान ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य के बेहतर विकल्प बताना है। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, सोनीपत, रोहतक व बहादुरगढ़ के कई कॉलेज व यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग करके कैरियर संबंधी जानकारी देंगे।

### संत कृपाल सिंह का प्रकाश पर्व पर 18 को

**बहादुरगढ़।** सावन कृपाल रुहानी मिशन की शाखा कृपाल आश्रम बहादुरगढ़ की ओर से संत कृपाल सिंह का 131वां प्रकाश पर्व 18 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आश्रम से जुड़े सुभाष चंद्र ने बताया कि सुबह 9 बजे से प्रचारकों सेवादारों द्वारा संत कृपाल सिंह का जीवन परिचय, उनकी शिक्षाओं, संस्मरणों और सावन कृपाल रुहानी मिशन के बारे में चर्चा होगी। नन्हें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** बुपनिया पावर हाउस के पास गाड़ी की साइड लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। बुपनिया के निवासी प्रवेश का कहना है कि वह विशाल, किशन के साथ बाइक पर बैठकर डाबोदा जा रहा था। विशाल बाइक चला रहा था। जब बादली डाबोद रोड पर पावर हाउस के पास पहुंचे तो पीछे से टाटा मैजिक गाड़ी ने साइड मार दी। इस दुर्घटना में मेरे पांव में काफी चोट आई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। इस शिकायत पर बादली थाने में अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# नगर पालिका कर्मचारी संघ ने भूख हड़ताल को लेकर बनाई रणनीति

## 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में कर्मचारी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे

राज्य सचिव पुरुषोत्तम ने कहा कि कर्मचारी अपने हक की आवाज उठाते हैं तो सरकार समझौते करती है लेकिन उन्हें लागू नहीं करती।


बहादुरगढ़। बैठक में अपनी मांगों पर मंथन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वीरवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ की गेट मीटिंग नगर परिषद में हुई। इसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी मांगों, समस्याओं और आगामी कार्यक्रमों पर मंथन किया। राज्य सचिव पुरुषोत्तम ने कहा कि कर्मचारी अपने हक की आवाज उठाते हैं तो सरकार समझौते करती है लेकिन उन्हें लागू नहीं करती। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, ठेका प्रथा समाप्त की जाए। कौशल रोजगार को भंग कर सभी कर्मचारियों को डायरेक्ट पे रोल पर लिया जाए। पुरानी पेंशन स्कीम लागू तथा मुख्यमंत्री द्वारा घोषित वेतन सफाई कर्मचारियों को दिया जाए। राज्य उपप्रधान राजेश बागड़ी, संगठनकर्ता राजपाल, सदस्य बिशन सिंह, झज्जर जिला प्रधान राजेंद्र तुषामड़, सचिव विकास, ऑडिटर कृष्ण, बेरी प्रधान प्रदीप ने भी विचार रखे। पदाधिकारियों ने कहा कि 16 मई को कार्मिक भूख हड़ताल है तथा 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में कर्मचारी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। इकाई सचिव अमित परनाला, कैशियर मुकेश, वरिष्ठ उप प्रधान लीलाराम, सहसचिव मुनिया दरोगा, उप प्रधान अजय, सपना, प्रचार सचिव सरोज, सुनील परनाला सहित अन्य कर्मचारी इस अवसर पर मौजूद थे।

## देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

- प्रदेश सचिव जयकरण तथा अध्यक्ष अनूप सिंह बोले- देश की जनता सरकारों की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 20 मई को होने वाली ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा। प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी तथा अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने बताया कि देश की जनता सरकारों की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है। किसान भी इन कारपोरेट परस्त नीतियों से परेशान है। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन सरकार से मांग करता है कि खाद्य पदार्थों तथा आवश्यक वस्तुओं के थोक व खुदरा व्यापार को अपने हाथ में ले। नई कृषि बाजार नीति को रद्द किया जाए। सी2 प्लस 50 प्रतिशत पर सभी फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बने। किसानों तथा ग्रामीण भूमिहीन ग्रामीणों का सम्पूर्ण कर्जा खत्म हो। बुढ़ापा, विधवा व विकलांग आदि सभी पेंशन 10 हजार रुपए महीना लागू हो। कृषि उपकरण सस्ते में उपलब्ध हों। बेरोजगारों को रोजगार मिले। रुके हुए ट्यूबवेल कनैक्शन जल्द मिले। बिजली के बढ़ाए रेट वापिस लें। बिजली बिल संशोधन 2023 तथा स्मार्ट, प्रीपेड मीटर स्कीम रद्द हो।

# तापमान में बढ़ोतरी से जन जीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। दोपहर के समय कपड़ा ढांप कर जाते हुए विद्यार्थी और सूनी पड़ी सड़क। फोटो : हरिभूमि

वीरवार दिनभर सूर्यदेव के तेवर तल्ख रहे। चिलचिलाती धूप ने लोगों को खूब परेशान किया। दोपहर के समय लोग अपने घरों में दूबकने को मजबूर रहे और बाजारों व मुख्य सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। जिसका असर बाजार के कारोबार पर भी पड़ा। वीरवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, बढ़ते तापमान के बीच जिला प्रशासन ने लू व गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है।

प्रशासनिक स्तर पर गर्मी व लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरीः डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने गर्मी के तीव्र प्रकोप और लू के खतरे को देखते हुए आमजन से प्रशासन द्वारा जारी हीट वेव एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी के दौरान विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों, किसानों और बीमार व्यक्तियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हीट वेव एडवाइजरी के अनुसार दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक की तेज धूप से बचें, हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहने, बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढकें, नियमित रूप से पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो, लस्सी, छाछ, नींबू पानी, ओआरएस और चावल का मांड जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें, बच्चों को कभी भी पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में न छोड़े, नंगे पांव बाहर न निकलें और पानी की बोतल पास जरूर रखें। इसके अलावा काम करते समय बीच-बीच में आराम करें और छायादार स्थान पर ठहरें, घर का बना ताजा भोजन करें और जंक फूड से परहेज करें।

**बुजुर्गों और बीमार लोगों का रखें विशेष ध्यान** :डीसी ने कहा कि अत्यधिक गर्मी में अकेले रहने वाले वृद्धों की दिन में दो बार जांच अवश्य करें। उन्हें ठंडक देने के प्रयास करें, जैसे ठंडे पानी से स्नान, गीले तौलिए का प्रयोग और उनके पास हमेशा पानी की बोतल सुनिश्चित करना। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर, उल्टी, घबराहट, तेज सिरदर्द या सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

# अवैध हथियार सहित दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने अवैध हथियार सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से तीन पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद हुए हैं। एवीटी प्रभारी जमील खान के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि सिविल अस्पताल के पास कबीर बस्ती की ओर जाने वाली गली में दो युवक मौजूद हैं और उनके पास हथियार हैं। इस सूचना पर टीम वहां गई और दोनों को काबू किया। तलाशी लेने पर उनके पास तीन पिस्तौल और 11 कारतूस मिले। आरोपियों की पहचान रमेश निवासी नजफगढ़ तथा आदित्य निवासी बादली के रूप में हुई है। आदित्य पर अवैध शराब, जानलेवा हमला करने, छीनाझपटी करने के केस दर्ज हैं। वहीं रमेश पर दिल्ली व गुरुग्राम में अवैध हथियार तथा जानलेवा हमला करने के केस दर्ज हैं। दोनों आरोपी दो दिन के रिमांड पर लिए हैं।

### लूटपाट मामले में महिला सहित तीन आरोपी दबोचे

**बहादुरगढ़।** थाना सेक्टर-6 की पुलिस टीम ने एक मकान में घुसकर लूटपाट करने के मामले में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को रिमांड पर लिया गया है जबकि दो आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। थाना प्रभारी पवनवीर ने बताया कि दो लड़कों ने सेक्टर 6 के एक मकान में घुसकर वहां मौजूद युवक को बंधक बना लिया था। पेचकस दिखाकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में एक महिला सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कबीर बस्ती निवासी दीपक, दिल्ली के नांगलोई निवासी मुकेश के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपियों से लूटी गई सोने की अंगूठी, सोने की चेन बरामद की गई। उन्हें अदालत में पेश किया गया, जिनमें से आरोपी दीपक को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया। वहीं महिला और दूसरे आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# झगड़े में बीच बचाव करना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- झगड़ रहे दोनों लोगों ने पीड़ित पर ही हमला कर दिया
- सिर व आंख पर काफी चोट आई

दो लोगों के झगड़े में बीच बचाव करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। झगड़ रहे दोनों लोगों ने उस पर ही हमला कर दिया। डंडे व रॉड से वार किए गए। जिसमें व्यक्ति को काफी चोट आई और उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

वारदात राजसिंह के साथ हुई है। नयागांव के निवासी राजसिंह का कहना है कि बुधवार को हमारे परिवार में भतीजे की तेरहवीं थी। मैं तेरहवीं कार्यक्रम में था। इसी दौरान पड़ोस में दो लोगों की कहासुनी हो गई। शोर सुनकर मैं बाहर गली में गया और उनको समझाने लगा। इसी दौरान उनमें से एक व्यक्ति कहने लगा कि तू हमारे बीच में क्यों बोला, तू हमसे बड़ा चौधरी है क्या। फिर दोनों ने रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी। रॉड व डंडे से वार किए। हमले में मुझे सिर व आंख पर काफी चोट आई। मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने राज सिंह की शिकायत पर दो नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के मामले में तीन आरोपी जेल भेजे

**बहादुरगढ़।** सैनिक नगर स्थित मकान में हुई चोरी की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। प्रोडक्शन वारंट पर लाकर रिमांड पर लिए गए आरोपियों से पूछताछ में वारदात का खुलासा हुआ। तीनों आरोपी पुलिस ने जेल भेज दिए हैं। सेक्टर-6 थाना प्रभारी पवनवीर के अनुसार, सैनिक नगर के निवासी वीरपाल ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 30 अप्रैल की रात को उसके घर से दो चांदी के कड़े, कैश और फोन चोरी हो गया। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को दिन के रिमांड पर लिया। आरोपियों से पूछताछ में वारदात का खुलासा हो गया। इनकी पहचान मोहित, अंकितेश निवासी लाइनपार तथा दीपक निवासी अशोक नगर के रूप में हुई है।

### निर्माणधीन मकान में चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** शहर में निर्माणधीन मकान चोरों के निशाने पर हैं। अब बैंक कॉलोनी स्थित एक निर्माणधीन मकान में चोरी की वारदात हो गई। मकान से फिटिंग की तार चुरा ली गई। छोटूराम पार्क के निवासी राहुल का कहना है कि वह बैंक कॉलोनी में अपना मकान बनवा रहा है। गत 13 मई को मिस्त्री बिजली फिटिंग का काम पूरा होने के बाद चला गया था। जब 14 मई को मैं निर्माणधीन मकान पर गया तो बिजली फिटिंग की तार गायब थी और गेट भी खुला हुआ था। कोई अंजान शख्स चोरी की वारदात को अंजाम दे गया है। जिससे मुझे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। बता दें कि बीते कुछ महीनों में इलाके में कई निर्माणधीन मकानों में चोरी की वारदात हो चुकी है।

### हॉर्न बजाया तो रिवाल्वर दिखाकर धमकी दी

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड पर सैय्यद के पास दो गाड़ी चालकों में विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद में चालक ने रिवाल्वर निकालकर दूसरे चालक को जान से मारने की धमकी दी। सेक्टर-6 के निवासी केशव ने कहा है कि रात करीब सवा आठ बजे वह अपनी दुकान से घर जा रहा था। जब सैय्यद के निकट पहुंचा वहां एक काले रंग की गाड़ी सड़क के बीच खड़ी हुई थी। गाड़ी का चालक नशे की हालत में था। मैंने हॉर्न बजाया तो वह गाड़ी से उतरकर आया और मेरे साथ गाली गलोच करने लगा। फिर रिवाल्वर दिखाकर मुझे जान से मारने की धमकी देने लगा। फिर रिवाल्वर लहराता हुआ वहां से चला गया।

### जहर निगलने से ससुर की मौत चार पर केस

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा के निवासी एक व्यक्ति की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। इस संबंध में मृतक व्यक्ति की पुत्रवधु व उसके माता-पिता तथा भाई पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 55 वर्षीय जसबीर के रूप में हुई है। जसबीर की कोई संदिग्ध जहरीला पदार्थ निगलने से तबीयत बिगड़ गई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां पीजीआई रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस को दी शिकायत में मृतक जसबीर की बेटी ने कहा है कि हम तीनों बहन-भाई शादीशुदा है। भाई आर्मी में है। वर्ष 2023 में हमारी मां का निधन हो गया था। तब से घर में पिता और भाभी ही रह रहे थे। भाभी अक्सर पिताजी के साथ गाली गलोच और मारपीट करती थी। खाना भी नहीं देती थी।


बहादुरगढ़। दीपांशु कुमारी को आशीर्वाद देते ग्रामीण।

# सराय औरंगाबाद में मेधावी छात्रा दीपांशु का सम्मान

**बहादुरगढ़।** सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा दीपांशु कुमारी का सराय औरंगाबाद गांव में अभिनंदन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आशीर्वाद देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रामीणों के मुताबिक, आकाश इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ने वाली बेटी दीपांशु ने 12वीं कक्षा में 98.4 फीसद अंक हासिल कर पूरे गांव व इलाके का नाम रोशन किया है। इसके लिए दीपांशु के पिता सत्येंद्र राठी सहित पूरा परिवार व शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

प्रधान राकेश राठी, सुभाष राठी, रणबीर राठी, रमेश राठी आदि ने दीपांशु को आशीर्वाद देते हुए राष्ट्र और समाज हित में कार्य करने को प्रेरित किया।

### डीसी ने समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पुलिस, जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी, राजस्व, नगर निकाय, बिजली निगम, सामाजिक न्याय और पंचायत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों का समाधान करते हुए अविलंब एटीआर भेजें जिससे पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड समय से हो पाए।

## 100 नंबर लाने पर स्कूल ने किया सम्मानित

# सावन व रोहन को मिले एक-एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। उत्कृष्ट बच्चों के साथ सैनिक पब्लिक स्कूल का स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई द्वारा घोषित परिणाम के आधार पर सैनिक पब्लिक स्कूल में वीरवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दसवीं कक्षा के सावन निवासी बालौर ने गणित और बारहवीं के रोहन निवासी छोटूराम नगर ने फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक प्राप्त किए। दोनों को स्कूल की ओर से एक लाख एक हजार एक रुपए का पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। कक्षा दसवीं तथा बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सैनिक पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय का लगातार 41 साल से चला आ रहा शत-प्रतिशत रिजल्ट का रिकॉर्ड कायम रखा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ ही उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि सैनिक पब्लिक स्कूल में 100 अंक लाने वाले बच्चे को एक लाख एक हजार एक रुपए का पुरस्कार उसी दिन प्रदान कर दिया जाता है।

